Re: Four-laning of NH 30 from Gorakhpur to Shrawasti ? laid

श्री जगदम्बिका पाल (डुमरियागंज): आज भारत पूरे विश्व में तेज़ी से विकसित हो रहा है। साथ ही भारत की सभ्यता और संस्कृति को एक नई दिशा दी जा रही है। वर्तमान में पर्यटन एवं आस्था की दृष्टि से पूरे विश्व में बौद्ध परिपथ (Circuit) बनाने के निर्णय से पूरे विश्व में बौद्ध धर्म के मानने वालों का ध्यान आकर्षित हुआ है। जिसके फलस्वरूप पूरे विश्व में लाखों की संख्या में बौद्ध पर्यटक उत्तर प्रदेश के सारनाथ (वाराणसी), कुशीनगर, कपिलवस्तु (सिद्धार्थनगर) एवं श्रावस्ती प्रतिदिन आते है। बौद्ध पर्यटक वाराणसी के सारनाथ से यात्रा शुरू करके कुशीनगर, कपिलवस्तु एवं श्रावस्ती होते हुए लखनऊ तक जाते है। इसी कारण वाराणसी के सारनाथ से कुशीनगर, कपिलवस्तु, श्रावस्ती होते हुए लखनऊ तक बौद्ध सर्किट एक्सप्रेसवे का Four Lane Roadways का निर्माण होना अति आवश्यक है। मैं सरकार से उक्त बौद्ध सर्किट के गोरखपुर से श्रावस्ती से पास होने वाली NH 30 पर फोर लेन के निर्माण की मांग करता हूँ। इसके साथ-साथ इसे बुद्ध सर्किट घोषित कर दिया जाए जिससे दुनिया के देशों से आने वाले बौद्ध पर्यटक को आवागमन में काफी सुविधा मिलेगी।